आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 02.05.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।
- राज्य सरकार ने केदारनाथ पुनःनिर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए अतिरिक्त श्रमिक लगाने के निर्देश दिए।
- चारधाम यात्रा से जुड़े जिलों में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए त्वरित राहत व बचाव कार्यो को अमल में लाने के लिए मॉक ड्रिल की गई।
- भारतीय सेना ने हेमकुण्ड साहिब पैदल मार्ग से बर्फ हटाकर आवाजाही सुचारू की।
- राज्यपाल ने प्रदेश में संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए प्रयास करने पर जोर दिया।

निरीक्षण

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आज बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में यात्रा व्यवस्थाओं तथा पुनःनिर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। बदरीनाथ धाम पहुंचने पर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को यात्रा को सरल, सुगम और सुविधाजनक बनाने के साथ ही पुनर्निर्माण कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि पुनर्निर्माण कार्यों में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए और बदरीनाथ धाम को जाने वाले वैकल्पिक मार्गों को भी सुचारू रखा जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शेष नेत्र व बद्रीश झील, अराइवल प्लाजा, अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा और रिवर फ्रंट डेवलपमेंट कार्यों की पूरी जानकारी ली। वहीं, केदारनाथ में पुनःनिर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए मुख्य सचिव ने धाम के कपाट खुलने से पहले आवश्यक पुनःनिर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने को कहा। उन्होंने आस्था पथ और वॉटर एटीएम सहित अन्य अनिवार्य कार्यों पर अतिरिक्त श्रमिक लगाने के निर्देश दिए। श्रीमती रतूड़ी ने जिलाधिकारी को अधिक संसाधनों का प्रयोग करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए गोल चबूतरे से मंदिर परिसर तक कॉरिडोर का कार्य तेजी से पूरा करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों और संबंधित एजेंसियों को निर्माण कार्यों की सामग्री में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए।

वीआईपी दर्शन

मुख्य सचिव ने कहा कि चारधाम यात्रा की तैयारियां और पुनःनिर्माण कार्य तेजी के साथ चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार यात्रा के पहले 15 दिनों में श्रद्धालुओं के लिए दर्शन आसान बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने वी.आई.पी दर्शन पर रोक लगाई है। मुख्य सचिव ने बताया कि यात्रा मार्ग पर सामान लेकर जाने वाले खोड़े–खच्चरों और तीर्थात्रियों को लेकर जाने वाले घोड़े खच्चरों के लिए अलग–अलग समय निर्धारित किए गए हैं, ताकि यात्रा में किसी तरह का व्यवधान न हो।

मॉक ड्रिल

चारधाम यात्रा के दौरान प्राकृतिक आपदाओं के घटित होने पर त्वरित राहत एवं बचाव कार्यो को अमल में लाने के लिए आज यात्रा से जुड़े जिलों में मॉक ड्रिल आयोजित की गई। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से यह मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इसके तहत देहरादून के आपदा कंट्रोल रूम से भूकंप आने की स्थिति में सभी तहसील और पुलिस थानों में अलर्ट जारी किया गया। भूकंप की सूचना पर कंट्रोल रूम में आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली– आई.आर.

एस से जुड़े अधिकारियों ने मोर्चा संभाला और आवश्यक कार्यवाही की। साथ ही आग लगने की स्थिति से निपटने के लिए भी मॉक ड्रिल की गई। इस बीच मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया। श्रीमती रतूड़ी ने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा और आपदा प्रबंधन की दृष्टि से तैयारियों को परखने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन सराहनीय प्रयास है। इस ड्रिल का उद्देश्य चारधाम यात्रा की तैयारियों को पुख्ता करना है, ताकि यात्रा में किसी तरह का व्यवधान न आए और हादसों में जान–माल के नुकसान को कम से कम किया जा सके।
उधर, चमोली में भूस्खलन, आगजनी, बस दुर्घटना और भगदड़ की स्थिति पर काबू पाने के लिए मॉक अभ्यास किया गया। जबकि टिहरी जिले के चंबा, मुल्यागांव और स्यांसू में प्राकृतिक व अन्य आपदाओं से निपटने को लेकर मार्क ड्रिल की गई। जिला प्रशासन व आपदा प्रबंधन विभाग के तत्वधान में भूकंप, भूस्खलन और एक वाहन के अनियंत्रित होकर पलटने की घटना पर पूर्वाभ्यास किया गया। उधर, पौड़ी जिले में भी आगजनी, भूकंप, दुर्घटना और वाहन नदी में गिरने पर रेस्क्यू और पीड़तों व प्रभावितों को तत्काल सहायता पहुंचाने तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाने का पूर्व अभ्यास किया गया।

हेमकुंड साहिब

भारतीय सेना ने हेमकुण्ड साहिब पैदल मार्ग से बर्फ हटाकर आवाजाही सुचारू कर दी है। इसके साथ ही सेना ने यात्रा मार्ग के संवेदनशील हिस्सों का सुधारीकरण और घोड़े–खच्चरों के मार्ग से बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया है। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि यात्रा मार्ग का सीढ़ियों वाला हिस्सा जोखिम भरा है, जिसे अब सेना के जवानों की ओर से दुरुस्त करने का काम शुरु कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी 20 मई तक यात्रा मार्ग को आवाजाही के लिए दुरुस्त कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि हेमकुंड साहिब के कपाट आगामी 25 मई को ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिये जांएगे।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने प्रदेश में संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए प्रयास करने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा को प्रसारित करने के लिए संस्कृत विश्वविद्यालय प्रयासरत हैं। देहरादून स्थित राजभवन में संस्कृत शिक्षा सचिव चंद्रेश कुमार यादव और उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश चंद्र शास्त्री ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को विश्वविद्यालय और प्रदेश में संस्कृत भाषा के विषय में चल रही गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय को छात्र–छात्राओं को बेहतर वातावरण और सुविधा उपलब्ध कराने के अतिरिक्त प्रयास भी करने चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को शोध के लिए अन्य विश्वविद्यालयों के साथ छात्र विनिमय कार्यक्रम भी साझा करने चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में विश्वविद्यालय में चल रही कठिनाइयों का शीघ्र ही उचित समाधान निकाला जाएगा।

श्रद्धांजलि

देहरादून के भानियावाला निवासी शहीद मेजर प्रणय नेगी का आज हरिद्वार में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इससे पूर्व सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बलिदानी मेजर प्रणय नेगी के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। गौरतलब है कि 37 वर्षीय मेजर प्रणय नेगी जम्मू कश्मीर के लेह में तैनात थे। पिछले सोमवार को पोस्ट पर तैनाती के दौरान मेजर नेगी का स्वास्थ्य बिगड़ने से उनका निधन हो गया था।

## निर्देश

उत्तराखंड के खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. आर राजेश कुमार ने प्रदेश में निर्मित सभी खाद्य मसालों की जांच के निर्देश दिए हैं। राज्य में 50 से अधिक मसाला निर्माण इकाईयां हैं। डॉक्टर कुमार ने सभी जिलों के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को मसाला निर्माण इकाइयों में जाकर विभिन्न मसालों की गुणवत्ता की जांच करने के लिए सैंपलिंग करने का आदेश दिया है।

## बढोतरी

केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चों को दिये जाने वाले शिक्षा और छात्रावास भत्ते में बढोतरी की गई है। इस वर्ष जनवरी में मंहगाई भत्ता पचास प्रतिशत तक पहुंचने के बाद यह निर्णय लिया गया है। यह कार्मिक लोक शिकायत और प्रशिक्षण मंत्रालय के वर्ष 2018 के निर्देश के अनुरूप है, जिसके अनुसार जब भी मंहगाई भत्ता पचास प्रतिशत बढेगा तो भत्ते और रियायत में भी 25 प्रतिशत की वृद्धि की जाती है।

## साइबर अपराध

उत्तराखंड विशेष कार्य बल (एस.टी.एफ) ने 68 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक साइबर अपराधी को मध्य प्रदेश के भोपाल से गिरफ्तार किया है। अपराधी शेयर मार्केट और स्टॉक ट्रेडिंग की विभिन्न कंपनियों की फर्जी वेबसाइट बनाकर धोखाधड़ी करता था।

## महिला राम लीला का मंचन

अल्मोड़ा जिले के मल्ला महल में श्री राम सांस्कृतिक एवं सामाजिक समिति की ओर से आज से दस दिवसीय महिला रामलीला का मंचन किया जा रहा है। मंचन से पहले मां नंदा देवी मंदिर से मल्ला महल तक श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। समिति की अध्यक्ष लता तिवारी ने बताया पर्यटन सीजन में महिला राम लीला आयोजित करने का उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना और अपनी संस्कृति को आगे लाना है।